2.10 Remedial Classes/Bridge Courses

पोस्टमार्टम जिला अस्पताल में करवाया गया।

वार्षिक परीक्षा के बाद भी विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए नियमित कक्षाएं

कक्षा के बाद प्राचार्य के साथ विद्यार्थी।

सवेरा न्यूज/अरुण डोगरा रीतू (बिलासपुर) : वार्षिक परीक्षा के बाद भी जुखाला महाविद्यालय में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए नियमित कक्षाएं राजकीय महाविद्यालय जुखाला के इतिहास विभाग और राजनीतिक शास्त्र विभाग द्वारा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ध्रुव पाल सिंह जी के मार्गदर्शन में वार्षिक परीक्षा के बाद भी विद्यार्थियों के करियर काउंसलिंग के लिए नियमित कक्षाएं आयोजित की जा रही हैं। इन कक्षाओं का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को विभिन्न संस्थानों की प्रवेश परीक्षाओं में सफलतापूर्वक प्रवेश दिलवाना और संचार कौशल तथा विश्लेषणात्मक अध्ययन का विकास करना है।इतिहास विभाग के प्राध्यापक अमित कपिल और राजनीतिक शास्त्र विभाग की प्राध्यापिका दीपाली के द्वारा आयोजित ये कक्षाएं 22 मई को समाप्त हुई वार्षिक परीक्षाओं के बाद शुरू की गई हैं। इन कक्षाओं में विद्यार्थियों को ठएळ, रछएळ जैसी परीक्षाओं की तैयारी भी करवाई जा रही है। जुखाला महाविद्यालय ग्रामीण क्षेत्र में स्थित है और यहाँ के विद्यार्थियों के पास आर्थिक साधन सीमित हैं, जिसके कारण वे चंडीगढ़ जैसी जगहों पर कोचिंग के लिए नहीं जा सकते।इन प्राध्यापकों ने विद्यार्थियों की जरूरतों को समझते हुए उन्हें मुफ्त में कोचिंग दी और महाविद्यालय के इन्फ्रास्ट्रक्चर का उपयोग ऑफ-टाइम में किया। इस भीषण गर्मी में जहां तापमान 42-43 डिग्री सेल्सियस के आसपास है, विद्यार्थियों की जिज्ञासा में कोई कमी नहीं आई है। इसके अलावा, विद्यार्थियों को डॉक्युमेंट्री और मूवीज के माध्यम से विभिन्न विषयों से अवगत करवाया जा रहा है और वे इन गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग ले रहे हैं।इस पहल ने विद्यार्थियों के भविष्य को संवारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और महाविद्यालय के प्रयासों की सराहना की जा रही है।